वर्ष 3 अंक 2

अक्टूबर-दिसम्बर 2019

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि

## KVS NEWS















- 13 नवनिर्मित विद्यालय भवनों का उद्घाटन
- प्लॉगिंग: विद्यार्थियों ने एकत्रित किया 48 मीट्रिक टन कचरा
- फिट इंडिया स्कूल प्रणाली का लोकार्पण
- के.वि.सं का स्थापना दिवस
- केन्द्रीय विद्यालयों में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

FIT INDIA

## उद्घाटन एवं शिलान्यास




### केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने किया केन्द्रीय विद्यालयों के 13 नए भवनों का उद्घाटन और 6 नए भवनों का शिलान्यास

–शास्त्री भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया सभी 19 विद्यालयों से संवाद

**नई दिल्ली (11.10.2019):** केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने 11 अक्टूबर 2019 को शास्त्री भवन स्थित मानव संसाधन विकास मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालयों के 13 नए भवनों का उद्घाटन किया और 6 नए भवनों का शिलान्यास किया। ये सभी 19 केन्द्रीय विद्यालय देश के 12 राज्यों में स्थित हैं। ऐसा पहली बार हुआ जब केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा इतनी बड़ी संख्या में नए भवनों का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार इन सभी परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे।

इस मौके पर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय प्रणाली आज देश में उत्कृष्टता की मिसाल बन गये हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। श्री पोखरियाल ने सभी केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों, अभिभावकों, विद्यार्थियों के साथ स्थानीय सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही केन्द्रीय विद्यालय एक विश्वस्तरीय संस्था बनेंगे।



के0वि0 तामुलपुर


के0वि0 शिवगढ़

### उद्घाटित किये गये 13 नवनिर्मित के.वि. भवनों की सूची

| क्रं | केन्द्रीय विद्यालय | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | गोलाघाट | गोलाघाट | असम |
| 2 | हाफलौंग | डिमहसाअ | असम |
| 3 | तामुलपुर | बक्सा | असम |
| 4 | अररिया | अररिया | बिहार |
| 5 | जैतपुर | राजकोट | गुजरात |
| 6 | विरमगांव | अहमदाबाद | गुजरात |
| 7 | कोडागु | कोडागु | कर्नाटक |
| 8 | क्रं 2 सतना | सतना | मध्य प्रदेश |
| 9 | बैतूल | बैतूल | मध्य प्रदेश |
| 10 | सम्बलपुर | सम्बलपुर | ओडिशा |
| 11 | शिवगढ़ | रायबरेली | उत्तर प्रदेश |
| 12 | पेरम्बलूर | पेरम्बलूर | तमिल नाडु |
| 13 | मिरयालगुड़ा | नलगोंडा | तेलंगाना |

## 06 नए के.वि. भवनों के शिलान्यास की सूची

| क्रं | केन्द्रीय विद्यालय | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | लौंगडिंग | लौंगडिंग | अरुणाचल प्रदेश |
| 2 | कवर्धा | कबीरधाम | छत्तीसगढ़ |
| 3 | गिरडीह | गिरडीह | झारखंड |
| 4 | चेन्नापटना | रामनगर | कर्नाटक |
| 5 | जगतसिंहपुर | जगतसिंहपुर | ओडिशा |
| 6 | निजामाबाद | निजामाबाद | तेलंगाना |

# फिट इंडिया स्कूल रेटिंग

## फिट इंडिया स्कूल रेटिंग प्रणाली का लोकार्पण

–केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री एवं केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1, दिल्ली कैंट में किया क्रिकेट स्टेडियम का उद्‌घाटन।

**नई दिल्ली (4.12.2019):** केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने दिनांक 4 दिसंबर 2019 को केन्द्रीय विद्यालय क्रं 1, दिल्ली कैंट में नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का उद्‌घाटन किया और फिट इंडिया स्कूल रेटिंग प्रणाली का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित रहीं।

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन और सीबीएसई स्कूली शिक्षा से जुड़े हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में 16 लाख से अधिक स्कूल हैं, 1000 से अधिक विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 33 करोड़ विद्यार्थी ज्ञानार्जन कर रहे हैं। यह एक बहुत बड़ी युवा शक्ति है, जो शायद अन्य किसी देश के पास नहीं। श्री निशंक ने फिट इंडिया कैम्पेन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रयासों की सराहना की और केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को इसका ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया।

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि फिट इंडिया स्कूल रेटिंग सिस्टम कि कुछ मापदंडों पर आधारित यह प्रणाली स्कूलों की छवि सुधारने में सहायक होगी। उन्होंने फिट इंडिया अभियान में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति और खेलों को प्रोत्साहन देने में केन्द्रीय विद्यालय अन्य स्कूलों से अलग हैं। उन्होंने सभी बच्चों से प्रतिदिन कसरत करने की अपील की, क्योंकि फिट लोग ही एक फिट देश का निर्माण करते हैं। उन्होंने फिट इंडिया अभियान को सफल बनाने में सीबीएसई के सक्रिय योगदान की भी सराहना की।

माननीय अतिथियों ने तीरंदाजी, जूडो और ताइक्वांडो का प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर दिल्ली के तीन केन्द्रीय विद्यालयों को फिट इंडिया फ्लैग प्रदान किया गया, जिनमें केन्द्रीय विद्यालय से. 8 आरके पुरम, केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 दिल्ली कैंट और केन्द्रीय विद्यालय एंड्रूजगंज शामिल हैं।






## केन्द्रीय विद्यालय क्रं 1, दिल्ली कैंट में बने क्रिकेट स्टेडियम की विशेषताएं:

- 03 पिच
- स्वचालित जल छिड़काव प्रणाली
- ग्राउंड ड्रेनेज
- दर्शक दीर्घा
- वीआईपी दीर्घा
- भूमिगत जल संग्रह प्रणाली
- कुल अनुमानित लागत: 294.41 लाख
- लाभान्वित विद्यार्थी: 5000 प्रति वर्ष
- स्टेडियम में अंडाकार में बना पवेलियन लॉर्ड्स मैदान का छोटा रूप लगता है।

## फिट इंडिया




### केन्द्रीय मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के साथ मनाया फिट इंडिया सप्ताह

–गांधी जयंती पर सबसे बड़ा प्लॉगिंग कार्यक्रम करने पर किया केन्द्रीय विद्यालय संगठन को सम्मानित

**नई दिल्ली (27.11.2019):** केन्द्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने 27 नवंबर 2019 को केन्द्रीय विद्यालय एंड्रूजगंज के विद्यार्थियों के साथ फिट इंडिया सप्ताह में भाग लिया। उन्होंने फिट इंडिया अभियान में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन को गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2019 को सबसे बड़ा प्लॉगिंग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सम्मानित भी किया, जिसमें देश भर के 1200 से अधिक केन्द्रीय विद्यालयों से 7.5 लाख विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लेकर विद्यालय के आसपास से 48000 किलो कचरा एकत्रित किया था। एक ही स्कूल चेन द्वारा एक ही दिन में यह सबसे बड़ा प्लॉगिंग अभियान चलाने का प्रयास किया गया था, जिसमें बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और अधिकारियों द्वारा कुल 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय की गई।





## स्थापना दिवस

### केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने मनाया अपना स्थापना दिवस

–39 चयनित शिक्षकों, कार्मिकों एवं अधिकारियों को किया गया सम्मानित

नई दिल्ली, 15 दिसंबर 2019: केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने 15 दिसंबर 2019 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अपना स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुक्त, के.वि.सं. श्री संतोष कुमार मल्ल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर के.वि.सं. द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित 30 शिक्षकों एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार और 09 शिक्षकों को नवाचार एवं प्रयोग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी विजेताओं के कार्य पर एक–एक मिनट की लघु फिल्म भी दिखाई गई। केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रतिवर्ष अपने चयनित शिक्षकों और कर्मचारियों को इन पुरस्कारों से सम्मानित करता है। पुरस्कृत शिक्षकों एवं कर्मियों को पुरस्कार के तौर पर 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार, एक शॉल और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा 'स्थापना दिवस स्मारिका–2019' का भी विमोचन किया गया।





## प्लॉगिंग

# गांधी जयंती पर केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एकत्र किया 48 मीट्रिक टन कचरा

–केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने आयोजित किया विशाल 'प्लॉगिंग' इवेंट




**नई दिल्ली (2 अक्टूबर 2019):** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने के लिए देश भर में फैले केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक साथ मिलकर 2 अक्टूबर 2019 को 'प्लॉगिंग' में भाग लिया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) द्वारा 25 संभागों में बंटे देश भर के 1200 से अधिक केन्द्रीय विद्यालयों से एकत्रित किये गये डाटा के अनुसार के.वि. के 7.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा प्लॉगिंग में भाग लेकर एक ही दिन में 48 मीट्रिक टन कचरा एकत्रित कर दिया।




समस्त केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने दो किलोमीटर प्लॉगिंग करते हुए विद्यालय के आसपास का कचरा उठाया। विद्यार्थियों द्वारा एकत्रित किये गये कचरे का डाटा मुख्यालय में ऑनलाइन गूगल फॉर्म से संकलित किया गया। 'प्लॉगिंग' एक अनोखी अवधारणा है जिसमें 'जॉगिंग करते हुए कचरा उठाना' शामिल होता है। यह केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा किसी भी एक स्कूल चेन द्वारा अब तक का सबसे बड़ा प्लॉगिंग आयोजन करने का प्रयास था। आयुक्त, के.वि.सं. श्री संतोष कुमार मल्ल ने स्वयं केन्द्रीय विद्यालय गोल मार्केट के बच्चों के साथ प्लॉगिंग में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित प्रातः कालीन प्रार्थना एवं सर्व धर्म प्रार्थना में भी भाग लिया। उन्होंने बच्चों के साथ प्लॉगिंग में भाग लेने आए सभी अभिभावकों को बधाई दी। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने भी दिल्ली के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ प्लॉगिंग की और उनका उत्साहवर्धन किया।

## नेशनल स्कूल गेम्स

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 65वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों के अंतर्गत टेनिस प्रतिस्पर्धा का आयोजन

**नई दिल्ली:** मा. मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने दिनांक 24 दिसंबर को 65वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों (एसजीएफआई) के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित लॉन टेनिस (अंडर 19, बालक एवं बालिका) का नई दिल्ली स्थित आर.के. खन्ना स्टेडियम में शुभारंभ किया। इस प्रतिस्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 232 टेनिस खिलाड़ियों (119 बालक एवं 113 बालिकाएं) ने भाग लिया। विभिन्न श्रेणियों में पांच दिन तक चली इस प्रतिस्पर्धा का विधिवत समापन दिनांक 28 दिसंबर 2019 को केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू द्वारा किया गया।







## केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने इंडिया गेट पर मनाया एक भारत श्रेष्ठ भारत पर्व

**नई दिल्ली**: केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 'एक भारत श्रेष्ठ भारत पर्व–2019' दिनांक 31 अक्टूबर 2019 से 3 नवंबर 2019 तक नई दिल्ली स्थिति इंडिया गेट के लॉन क्रं.–6 में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इसवर्ष देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों से 2375 प्रतिभागी इस वृहद् कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस आयोजन की अनूठी विशेषता यह है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के विभिन्न संभागों से आये विद्यार्थी, अपने राज्य को छोड़कर किसी अन्य राज्य की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते नज़र आए। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने 31 अक्टूबर 2019 को इंडिया गेट पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत पर्व' का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में माननीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय शामराव धोत्रे विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस वर्ष एक भारत श्रेष्ठ भारत पर्व में विभिन्न श्रेणियों में कुल 28 प्रतियोगी कार्यक्रम हुए।

**विद्यार्थियों का अलग–अलग राज्यों का दौरा**

विभिन्न राज्यों की कला, संस्कृति, भूगोल आदि को नज़दीक से समझने के लिए देश के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश के दौरान उनके आवंटित राज्यों का दौरा कराया गया। दिसंबर माह में कुल 463 विद्यार्थी अपने एस्कॉर्ट शिक्षकों के साथ अपने–अपने राज्यों की यात्रा पर गये और वहां की सांस्कृतिक विरासत को देखा और समझा। साथ ही उन यादगार पलों को अपनी डायरी में नोट किया। इस कार्यक्रम पर शाला ध्वनि का एक विशेषांक अलग से प्रकाशित किया गया।











## संविधान दिवस



## देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

–11 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने ली संविधान की शपथ

**नई दिल्ली (26 नवंबर 2019):** राष्ट्रीय संविधान दिवस–2019 के अवसर पर देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में सभी विद्यार्थियों ने संविधान की शपथ ली और उसकी उद्देशिका का पाठ किया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय द्वारा संकलित किये गये डाटा के अनुसार कुल 11,04,026 विद्यार्थियों ने इस आयोजन में भाग लिया।

## गांधी जयंती

## महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम

**नई दिल्ली (1 अक्टूबर 2019):** मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 01 अक्टूबर 2019 को आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा साबरमती आश्रम का ऐसा कलात्मक दृश्य प्रस्तुत किया गया कि मा. मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने भी वहां ठहरकर विद्यार्थियों की सराहना की। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई 'सर्व धर्म प्रार्थना' ने सबको भाव–विभोर कर दिया।








# सीमा दर्शन



## Seema Darshan Phase-14 conducted at Wagah Border

Seema Darshan phase XIV was conducted at Wagah, Amritsar from 23rd December to 27th December 2019 with the ground support from Indian Army and BSF. A total number of 48 Boys from 05 KVS Regions– Chandigarh, Kolkata, Gurugram, Jammu and Varanasi along with Escort Teachers participated in the program. KVS RO Chandigarh was the Venue/Co-ordinating region for the programme.



दैनिक भास्कर

न्यूज ब्रीफ

केवी के स्टूडेंट्स ने देखा करतारपुर कॉरिडोर

**अमृतसर** | सीमा दर्शन प्रोग्राम के तहत खासा स्थित केंद्रीय विद्यालय-3 में पहुंचे देशभर के 5 केंद्रीय विद्यालयों के 48 स्टूडेंट्स ने करतारपुर कॉरिडोर और जंग-ए-आजादी स्मारक देखा। केवी-3 के प्राचार्य सुभाष चंद की अध्यक्षता में चंडीगढ़, जम्मू, वाराणसी, कोलकाता और गुरुग्राम के स्टूडेंट्स के लिए सीमा दर्शन प्रोग्राम के तहत 5 दिवसीय टूर आयोजित किया गया है। पहले दिन स्टूडेंट्स ने दरबार साहिब, जलियांवाला बाग, दुर्ग्याणा तीर्थ और अटारी में होने वाली रिट्रीट सेरेमनी देखी है।

The participants started their journey by visiting the temple 'Ram Teerth'. They continued their journey by visiting historically and culturally rich and renowned places such as- The Golden Temple, Jallianwala Bagh, the War Memorial and Museum, Attari Wagah Border (witnessed the Beating Retreat Ceremony), the famous Gurudwara Darbar Sahib at Kartarpur Corridor, Jang-e-Azadi Memorial, Shaheed-e-Minar and Gobindgarh Fort where they enjoyed a 7-D and 3-D animated film on Punjab's great and mighty King- Maharaja Ranjit Singh and a movie named 'Jang-e-Azadi'.

The students also witnessed the weapon exhibition by BSF. They also had a mesmerizing experience of tank ride on Tanks named- Aradhya, T-72 and CELESTE.

# BS&G

## State Level Himalaya Wood Badge Course of KVS BS&G

A week long State Level Himalaya Wood Badge Course of KVS BS&G was conducted at Dr. Annie Besant Park, Doddaballapur in Karnataka from 9th to 15th December 2019. 80 Scout Masters, 32 Cub Masters, 34 Guide Captains & 16 Flock Leaders are participating in this course.





BS&G

## Messenger of Peace Workshop

'Messenger of Peace' Workshop of BS&G KVS State was conducted at Kendriya Vidyalaya Anna Nagar, Chennai from 30th September 2019 to 2nd October 2019. A total number of 21 Scouters, 25 Guiders from different regions Participated in this Workshop with 5 Officials of KVS.




KVians in Russia

## KV Students visit Russia for Science, Technology & Innovation Programme

Students from various Kendriya Vidyalayas participated in the Science, Technology and Innovation Programme in Sochi, Russia under Students Exchange series initiated by Atal Innovation Mission and SIRIUS Centre, Russia. These students are part of Indian Delegation visiting Russia from 29th November to 5th December 2019. The Names of five KV Students are:

- Madhumitha Balaji Sasikala, KV Command Hospital, Kolkata
- Muskan Rajak, KV Sect 3, Rohini, Delhi
- Poti Biswanath Patra, KV Berhampore, Odisha
- Sanjay Kumar Venkataramanan, KV No.2, Chennai
- Shreya Upadhyay, KV Kanchanbagh, Telangana






# Training



## ‘Training of Trainers on Implementation Methodology for Motor Skill Development, Games for Primary Students of KVs'

Commissioner, KVS Sh. Santosh Kumar Mall inaugurated a Programme on 'Training of Trainers on Implementation Methodology for Motor Skill Development, Games for Primary Students of KVs' at Delhi Pharmaceutical Science & Research University on 2nd December 2019. This programme will facilitate training of 1000 PRTs in 25 Batches till 29th January 2020.






# Youth Parliament

## Zonal Level Youth Parliament

Zonal Level Youth Parliament Programmes were organized at KV Gomti Nagar, Lucknow on 7-8 November 2019, at KV Hebbal, Bengaluru on 19-20 November 2019 and KV no. 3 Ambala on 26-27 November 2019. The Youth Parliament Competition is organized every year since 1988 in Kendriya Vidyalayas in collaboration with Ministry of Parliamentary Affairs. The objectives of Youth Parliament Competition are to strengthen the roots of democracy, to inculcate in the young minds healthy habits of discipline, tolerance, to equip them with the knowledge of Parliamentary procedures and practices.





JNNSMEE

## 47th JNNSMEE Organized at Ahmedabad

47th KVS Jawaharlal Nehru National Science, Mathematics and Environment Exhibition (JNNSMEE) held at Ahmedabad from 18th to 20th November 2019. Various projects on different themes were presented by the budding Scientists.






NCSC

## 27th National Children Science Congress Organized at Bhopal

Young Scientists presented their research work in the KVS 27th National Children Science Congress organized in Bhopal on 25-26 November 2019. Local media covered the innovation and research of KV students, presented during the Congress.



दैनिक भास्कर

26-Nov-2019
Page 2

CITY ACTIVITY

प्लास्टिक रैपर से बनाया रेनकोट और रेडिएशन ऑब्जर्व करने वाली ब्रिक्स

केवी-2 में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, 260 मॉडल, पेपर, चार्ट किए प्रजेंट



प्लास्टिक पाउच से तैयार किए रेनकोट और ईंट

दो दिवसीय मेला: पहले दिन 260 बाल वैज्ञानिकों ने साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फॉर क्लीन, ग्रीन और हेल्दी नेशन थीम पर बनाए प्रोजेक्ट



पत्रिका PLUS

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में आयोजित राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में 450 बाल वैज्ञानिक हुए शामिल

सिंगल यूज प्लास्टिक और बॉटल से तैयार की ईंट, आम ईंट से दस गुना मजबूत, कीमत 90 प्रतिशत तक कम

# Vigilance Awareness



## सतर्कता जागरूकता सप्ताह

देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। संगठन के समस्त अधिकारियों, कार्मिकों एवं शिक्षकों ने अपने–अपने कार्यालयों में सत्यनिष्ठा की शपथ ली। इस वर्ष की थीम रही 'ईमानदारी एक जीवन शैली है'।



# Achievements

## केन्द्रीय विद्यालय संगठन को मिला राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2019

नई दिल्ली: केन्द्रीय विद्यालय संगठन को वर्ष 2018–19 के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' (प्रथम स्थान) प्रदान किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में देश के मा0 गृह मंत्री श्री अमित शाह ने यह पुरस्कार केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त श्री संतोष कुमार मल्ल' को प्रदान किया। गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन को 'क' क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के बोर्ड/स्वायत्त निकाय/सोसायटी' की श्रेणी में 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2018–19' हेतु प्रथम स्थान पर चयनित किया गया था।





# Achievements

Dr. Asad Ahmed, PGT (Economics), KV IIM Lucknow and Sh. Faisal S L, TGT (Librarian), KV Pattom were awarded with 'National ICT Award-2017' by Hon'ble MoS for Human Resource Development Sh. Sanjay Dhotre at Dr. Ambedkar International Centre in New Delhi on 23rd December 2019.

Rimpa Shiva, student of KV CCI Bokajan got First Prize at International Tabla Competition held at Singapore.







Master Rahyan Alam, Class VI of KV ONGC, Agartala Secured Gold Medal in Yoga (Individual Event) at 65th National School Games-2019 (SGFI) in Kolkata.




मास्टर रेयान आलम



Cadet Himani Choudhary, a student KV Mathura Cantt. visited Singapore from 11th to 20th November 2019 during International Cadet Exchange Programme for the promotion of International understanding, goodwill and friendship under the National Cadet Corps of Singapore. Hon'ble Defence Minister Sh. Rajnath Singh also interacted with the visiting students in Singapore.



---

KV student Aashtha Chaudhary created new record in SGFI 100M Butterfly (U-17) Girls with Gold Medal. Historical moment for KVS with 06 Gold Medals in Swimming (SGFI)

Total Medals in Swimming- 12 (Gold-06, Silver-02 & Bronze-04)






# Retirements

## भावी जीवन की शुभकामनाएं

| S.No. | Name of Employee | Designation | Date |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुदेश भारद्वाज | स्टेनोग्राफर ग्रेड–1 | 29.11.19 |
| 2 | श्री आनंद सिंह बिष्ट | सहायक अनुभाग अधिकारी | 31.12.19 |
| 3 | श्री जीत सिंह | सहायक अनुभाग अधिकारी | 31.12.19 |
| 4 | श्री अनूप कुमार निगम | सहायक अनुभाग अधिकारी | 31.12.19 |

श्रीमती सुदेश भारद्वाज



श्री आनंद सिंह बिष्ट



श्री जीत सिंह



श्री अनूप कुमार निगम



तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन


Readers can send their comments, suggestions through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

Published by Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan and printed at M/S Dolphin Printo-Grpahics, 1E/18, 4th Floor, Jhandewalan Extn, New Delhi-110055



**TEAM:**
**Patron: Santosh Kumar Mall, Commissioner, KVS**

**Editor-in-Chief: U.N. Khaware, Additional Commissioner (Acad)**

**Editor: Dr. E. Prabhakar, Joint Commissioner (Training)**

**Editorial In-Charge: Sachin Rathore, Assistant Editor**

**Proof Reader: Negpal Singh, KVS (HQ)**



**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN**
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016
www.kvsangathan.nic.in

@KVSHQ @KVS_HQ @kvshqr

Designed by: adworthmedia.org